राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 12 अगस्त। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जिन जिलों में पंचायत चुनाव है उनके जनप्रतिनिधियों को जिलेवार आमंत्रित किया है। जिसमें दौसा, भरतपुर, सवाईमाधोपुर एवं सिरोही जिलों के जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श किया तथा निर्देश दिए कि कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, विधायक, विधायक का चुनाव लड़े प्रत्याशी, प्रधान, पूर्व प्रधान, जिला प्रमुख, पूर्व जिला प्रमुख, लोकसभा प्रत्याशी आदि सभी से चर्चा कर कांग्रेस विचारधारा के कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव में मौका मिलना चाहिए जिससे पंचायत राज में कांग्रेस का झण्डा बुलन्द हो सके।

संवददाताओं से चर्चा करते हुए अध्यक्ष श्री डोटासरा ने कहा कि इस पंचायत चुनाव में कांग्रेस गुड गर्वेनेंस, कोरोना काल में बेहतर कार्य, हैल्थ सेक्टर में अच्छा कार्य हुआ है। इन बातों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे तथा केन्द्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान दु:खी है, आमजन महँगाई से त्रस्त है, बेरोजगारी चरम सीमा पर है, अर्थव्यवस्था की हालत बदतर है तथा बीजेपी राजस्थान में प्रतिपक्ष की भूमिका भी ढंग से नहीं निभा रही है। बीजेपी के नेता आपस में लड़ रहे है, मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान कर रहे है, राजस्थान के शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप का अपमान कर रहे है, प्रतिपक्ष यदि सरकार की योजनाओं में कोई कमी निकालती तो हम उनसे सबक लेते हुए पुर्नविचार करते, उसे ठीक करते परन्तु ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। भाजपा राजस्थान सरकार की किसी भी योजना व नीति के विरोध में कोई आंदोलन नहीं कर पायी, केवल आपस में झगड़ रहे है। राजस्थान की जनता देख रही है कि राजस्थान सरकार अच्छा काम कर रही है, कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में जनता से जो वायदे किए वे लगभग 64प्रतिशत धरातल पर पूरे किए है। इस बार का बजट भी ऐतिहासिक बजट है जिस पर पूरे मनोयोग से सरकार काम कर रही है। चाहे हैल्थ सेक्टर, पंचायत राज की बात हो, सड़कों के विकास की बात हो, सारी स्वीकृतियाँ जारी हो चुकी है, कार्य प्रगति पर है जिसका लाभ राजस्थान की जनता को मिलेगा।

2........

Created by Universal Document Converter

श्री राहुल गाँधी सहित कांग्रेस नेताओं के ट्वीटर को ब्लॉक करने के सवाल पर अध्यक्ष श्री डोटासरा ने कहा कि मैं समझता हूँ कि ट्वीटर केन्द्र सरकार के दबाव में काम कर रहा है, लोकतंत्र में यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है जो केन्द्र सरकार की बात नहीं मानता है या उनकी गलत नीतियों का विरोध करता है उस पर आयकर विभाग, एक्साईज विभाग, सीबीआई आदि के छापे डलवाना यह केन्द्र सरकार की आदत बन गई है।

पैगासस जासूसी के सवाल पर श्री डोटासरा ने कहा कि अब यह साबित हो गया है कि केन्द्र की सरकार पैगासस के माध्यम से चाहे मीडिया हो, चाहे अधिकारी हो, चाहे पक्ष और विपक्ष के नेता हो, मोदी जी अपने नजदीक के नेताओं की भी जासूसी करवा रहे है ऐसा करके केन्द्र की सरकार बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के बनाए संविधान को खत्म करने का कार्य कर रही है। मेरा मानना है कि केन्द्र सरकार को तुरन्त पैगासस जासूसी प्रकरण की जाँच करवानी चाहिए।

लोकसभा न चलने के सवाल पर जवाब देते हुए श्री डोटासरा ने कहा कि विपक्ष की माँग जायज है, विपक्ष माँग कर रहा है कि पैगासस जासूसी प्रकरण पर किसानों के बिलों पर, बढ़ती महँगाई पर, बढ़ती बेरोजगारी पर, गिरती अर्थव्यवस्था पर चर्चा होनी चाहिए परन्तु सरकार हठधर्मी बनी हुई है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वो प्रतिपक्ष से चर्चा कर उसे विश्वास में लेकर सदन चलाएं जैसा कि राजस्थान की सरकार कर रही है।

– – – – – –

Created by Universal Document Converter